**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

2. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

**Roll No.** | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

**Roll No.** ______________________

(In words)

**Test Booklet No.**

**J—6509**

## PAPER—III

# PERFORMING ARTS

**Time : 2½ hours]** **[Maximum Marks : 200**

Number of Pages in this Booklet : **32** Number of Questions in this Booklet : **26**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. Answers to short answer/essay type questions are to be given in the space provided below each question or after the questions in the Test Booklet itself.

   **No Additional Sheets are to be used.**
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Test Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the question booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
4. Read instructions given inside carefully.
5. One page is attached for Rough Work at the end of the booklet before the Evaluation Sheet.
6. If you write your name or put any mark on any part of the Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
7. You have to return the Test booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
8. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
9. **Use of any calculator or log table etc. is prohibited.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. लघु प्रश्न तथा निबंध प्रकार के प्रश्नों के उत्तर, प्रत्येक प्रश्न के नीचे या प्रश्नों के बाद में दिये हुये रिक्त स्थान पर ही लिखिये।

   **इसके लिए कोई अतिरिक्त कागज का उपयोग नहीं करना है।**
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले ले। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
4. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
5. उत्तर-पुस्तिका के अन्त में कच्चा काम (Rough Work) करने के लिए मूल्यांकन शीट से पहले एक पृष्ठ दिया हुआ है।
6. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे।
7. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और इसे परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें।
8. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें।**
9. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**

## PERFORMING ARTS

## DANCE/DRAMA/THEATRE

## अभिनय कला

## नृत्य / नाटक ⁄ रंगमंच

### PAPER—III

### प्रश्न-पत्र—III

**Note :** This paper is of **two hundred (200)** marks containing **four (4)** sections. Candidates are required to attempt the questions contained in these sections according to the detailed instructions given therein. The candidates are required to choose their specialisation i.e. Dance or Drama and Answer all Questions from that Specialization only.

**नोट :** समस्त अनुभाग अनिवार्य है। विद्यार्थी प्रश्नपत्र III से वर्ग 'ए' अथवा वर्ग 'बी' में से किसी वर्ग को चुनें तथा उस वर्ग के समस्त प्रश्नों के उत्तर दें-प्रत्येक अनुभाग से भी प्रश्नों को चुनें। इस प्रश्नपत्र में चार (4) खंड दो सौ (200) अंकों के हैं। अभ्यर्थियों को इन खंडों में समाहित प्रश्नों का उत्तर उनमें दिये गये अलग विस्तृत निर्देशों के अनुसार देना है।

## SECTION - I

## खण्ड – I

**Note :** This section contains **five (5)** questions based on the following paragraph. Each question should be answered in about **thirty (30)** words and carries **five (5)** marks.

**(5x5=25 Marks)**

**नोट :** इस खंड में निम्नलिखित अनुच्छेद पर आधारित पाँच (5) प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में अपेक्षित है। प्रत्येक प्रश्न पाँच (5) अंकों का है।

**(5x5=25 अंक)**

# DANCE / नृत्य

## Group - A / समूह - A

Kalakshetra's production of Valmiki's "Ramayana" in six parts over a period of sixteen years. Rukmini Devi was fortunate in having the help of musicians who not only used common rakti ragas but some very rare melodies to create the right effects. She made a significant contribution to the enrichment of classical music by stimulating great vidwans to compose original music for dance-dramas. Producing the "Ramayana" series was a major challenge to Rukmini Devi and she met it with all the intuitive power and creative skills. The contentious critics have praised the magnificient choreography. Two styles were used, predominantly Bharatanatyam and a little Kathakali especially for male dancers. There was a great variety of characters, belonging to three levels of existance, the divine, the human and that of the animals and birds. Designing costumes was exhausting task but giving scope to her originality and ingenuity. Some of the spectacular effects were brought about through dance movements alone. They were choreographic marvels. All the subtle beauties of the "dhvanikāvya" were brought through Symbolic Suggestiveness. It was wonderful to see how Natyasastra gave opportunity for expressing new ideas with new expressions of angika as well as Satvika.

वाल्मिकी रामायण नृत्य नाटिका का सोलह वर्षो बाद कलाक्षेत्र द्वारा रचना। रुकमणी देवी संगीतज्ञों की मदद पाने में भाग्यशाली रही जिन्होंने, ठीक-ठीक आभास उत्पन्न करने के लिए न केवल आम रक्ति रागों का, परन्तु कुछ बहुत दुर्लभ लयों का उपयोग किया। रुकमणी देवी ने नृत्य नाटक के लिए मौलिक संगीत की रचना करने के लिए महान विद्वानों को प्रोत्साहित करके शास्त्रीय संगीत की समृद्धता की ओर महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके लिये रामायण नृत्य नाटिका बड़ी चुनौति थी और उन्होने समस्त अंतर्दृष्टि शक्ति और सृजनात्मक कौशल के साथ उसे सम्पन्न किया। विवादास्पद आलोचकों ने उनकी भव्य नृत्यकला की प्रशंसा की। उसमें दो शैलियों का उपयोग किया गया था, मुख्यत: भरतनाट्यम और थोड़ा कथकली, विशेष रूप से पुरुष नृतकों के लिए। पात्र अत्याधिक विविध प्रकार के थे, वो अस्तित्व के तीन स्तरों से थे, दिव्य, मानवीय और पशु एवं पक्षी। वेशभूषा डिजाइन करने का कार्य थका देने वाला था, परन्तु उनकी मौलिकता और प्रवीणता को अवसर मिला। अकेले नृत्य भंगिमाएं अपूर्व प्रभाव उत्पन्न कर पाईं। यह अपूर्व प्रभाव नृत्यपरक चमत्कार थे। ''ध्वनिकाव्य'' का सम्पूर्ण सूढय सौन्दर्य प्रतीकी अभिव्यंजकता के जरिये लाया गया। यह देख कर अद्‌भुत लगता है कि किस प्रकार नाट्यशास्त्र ने अंगिका और साथ ही साथ सत्विका की नई अभिव्यंजनाओं के साथ नये विचार अभिव्यक्त करने का अवसर दिया।

# DRAMA - THEATRE / नाटक – रंगमंच

## Group - B / समूह - B

(Studies in the NATYASASTRA by G.H. TARLEKAR)

"BHARATA gives the analogy of enjoyment of food in explaining the experience of the aesthetic delight. Just as a well disposed person, whose mind is free from other thoughts and thus centpred on the act of eating, relishes the flavours while eating food to which various spices are added, and in this relish gets satisfaction, so also the spectator, whose mind is engrossed in the spectacle relishes the latent permanent states aroused by the presentation of the various emotions with the help of verbal, physical, and mantal gesticulation and gets joy in this experience. Hence these Rasas are called Natyarasas (the sentiments in the dramatic spectacle)

Rasa, then is the relish of the Sthayibhava (the permanent mood) experienced by the spectator. The sentinents are in the natya only, which means that they are not in the wordly experience. The experience of different emotions in real life is not the one that one gets from the representation.

भरत, सौन्दर्यबोधी हर्ष की व्याख्या करते समय, भोजन के आनन्द की सादृष्यता देता है। ठीक उसी प्रकार जिस प्रकार सु–स्ववृति का व्यक्ति, जिसका दिमाग अन्य विचारों से मुक्त है और इसलिये खाने पर केन्द्रित है, भिन्न मसालों से मिला खाना खाते समय गंध का स्वाद/रस लेता है और इस तरह स्वाद/रस में संतुष्टि पाता है। तो इसी प्रकार, दर्शक, जिसका दिमाग प्रदर्शन में तल्लीन है, वाचिक, आंगिक और मानसिक अंग संचालन की मदद से भिन्न भावनाओं की प्रस्तुति द्वारा उद्‌बोधित/उत्तेजित प्रच्छन्न स्थायी अवस्थाओं का स्वाद/रस लेता है, और इस अनुभव में आनन्द लेता है। अत: इन रसों को नाट्‌यरस (नाटकीय प्रदर्शन में मनोभाव) कहते हैं।

तो रस दर्शक द्वारा अनुभव किया गया स्थायी भाव (स्थायी मूड) का रस है। मनोभाव सिर्फ नाट्‌य में होते है ? जिसका अर्थ है कि सांसारिक अनुभव में भाव नहीं होते हैं। वास्तविक जीवन में भिन्न भावनाओं का अनुभव वो नहीं जो व्यक्ति निरुपण से मिलता हो।

**Answer the questions according to your specialization.**
**अपने विशेष प्रमुख विषय के अनुसार प्रश्नों का उत्तर दें।**

**1.** Who produced and choreographed "Ramayana" dance series ?
रामायण नृत्य समूह का प्रोडक्शन और नृत्य निर्देशन किसने किया ?

**OR / अथवा**

List out the No. of Rasa's in Natyasastra ?
नाट्‌यशास्त्र में विद्यमान, रसों को सूची बद्ध करें।

2. What were the special elements of music how did they come about ?
संगीत के कौनसे विशेष तत्व थे ? उनको कैसे लाया गया ?

**OR / अथवा**

Explain the Rasa theory with an example.
रस सिद्धान्त की सोदाहरण व्याख्या करें।

3. Does Natya Sastra allow expression of new ideas ?
क्या नाटयशास्त्र नये विचारों के प्रदर्शन की अनुमति देता है ?

**OR / अथवा**

What are the qualities spectators should have during and after the performances ?
प्रदर्शन के दौरान और बाद में दर्शकों में क्या विशेषतायें अपेक्षित है ?

4. What is a "dhvanikavya"
ध्वनिकाव्य क्या है ?

**OR / अथवा**

Wheather Rasa is in mental level or in physical level. Explain.
'क्या 'रस' मानसिक स्तर में या शारीरिक स्तर में होता है' व्याख्या करें।

5. Other than training what is that a choreographer must possess ?
प्रशिक्षण के अतिरिक्त नृत्य निर्देशक के पास क्या होना आवश्यक है ?

**OR / अथवा**

Relate the Rasa with the Abhinayas.
रस सिद्धान्त को अभिनय से सम्बद्धित करें।

## SECTION - II
## खण्ड – II

## DANCE, DRAMA / THEATRE
## नृत्य, नाटक/रंगमंच

**Note :** This section contains fifteen (15) questions each to be answered in about thirty (30) words. Each question carries five (5) marks.

**(5x15=75 marks)**

**नोट :** इस खंड में पंद्रह (15) प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में अपेक्षित है। प्रत्येक प्रश्न पाँच (5) अंकों का है।

**(5x15=75 अंक)**

**Answer the question according to your specialization.**
**अपने विशेष प्रमुख विषय के अनुसार प्रश्नों का उत्तर दें।**

**6.** Describe the character of Manthara.
मन्थरा के स्वभाव विशेष का विवरण दें।

**OR / अथवा**

What are the factors stands to stylization in Indian Theatre ?
भारतीय रंगमंच में मार्गीय (शैलीयुक्त) करना किन कारकों पर निर्भर करता है ?

7. Why did Brahma create "Natya" according to Natyashastra ?
नाटयशास्त्र के अनुसार, ब्रह्मा ने ''नाट्य'' क्यों बनाया ?

**OR / अथवा**

List out some of the plays of your region which had a Independent movement vision.
अपने प्रदेश के कुछ ऐसे नाटकों की सूची बनाइये जिनकी कल्पना स्वतन्त्रता आन्दोलन संबंधित थी ?

8. What is the special importance of Sangita Ratnakar to dancers ?
नृत्यकारों के लिये संगीत रत्नाकर का विशेष महत्व क्या है ?

**OR / अथवा**

Who are the playwrights have used Ramayana and Mahabharatha for their writtings ?
किन नाटककारों ने रामायण और महाभारत का उपयोग अपनी कृति में लेखन के लिये किया ?

9. What is required, to perform better "Nritta" in any classical dance style ?
किसी भी शास्त्रीय नृत्य शैली में, बेहतर ''नृत्त'' करने के लिये क्या करना चाहिए ?

**OR / अथवा**

Mention any one of the Indian religious festivals where our culture has been reflected.
कोई एक भारतीय उत्सव का उल्लेख करें, जिसमें हमारी संस्कृति प्रकट होती हो।

10. Does "Lokdharmi" mean "natural life like" presentation ?
क्या ''लोकधर्मी'' का अर्थ ''स्वाभाविक जीवन समान'' प्रस्तुतिकरण है ?

**OR / अथवा**

Indian theatre has the Narrative tradition. Name the few of the theatre forms.
भारतीय रंगमंच की विवरणात्मक परम्परा है। ऐसे कुछ रंगमंच स्वरूपों के नाम बताइये।

**11.** Describe Nayakabheda according to Dhananjays' Dasharupaka.
धनंजय के दशरुपक अनुसार नायक भेद वर्णन करें।

**OR / अथवा**

Out of three type of play house of Natya Sastra which one is ideal for the performance ?
नाट्यशास्त्र के तीन प्रकार के नाटय गृहों में से कौनसा मंचन कला के लिये आदर्श है?

**12.** Give names of 5 Hindustani Ragas, that match the Karnatic Raga-s.
पांच हिन्दुस्तानी रागों के नाम बताएं, जो कर्नाटक रागों से सुमेलित हों।

**OR / अथवा**

How the Aharya Abhinaya depicts the characterisation of a performer ?
आहार्य–अभिनय मंच कलाकार का चरित्र चित्रण किस प्रकार करता है?

13. How do you differntiate Bharatanatyam and Kuchipudi musically ?
संगीत के आधार पर भरतनाटयम् और कुचीपुडी में क्या फर्क है?

**OR / अथवा**

What are the differences between music and theatre music.
संगीत और रंगमंच–संगीत के बीच क्या अन्तर हैं?

14. Describe any two dance-scenes from temple sculptures. (identify the temple).
मंदिर के शिल्पों में किये किसी दो नृत्य दृश्यों (प्रसंगो) का वर्णन करें। (मंदिर के नाम के साथ)

**OR / अथवा**

How the mask and mask like make - up exagerates the Acting style in theatre ?
किस प्रकार मुखौटा और मुखौटा समान श्रृंगार रंगमंच में अभिनय शैली को अतिरंजित करता है?

15. Describe the "Kalabeliya" dance of Rajasthan. Do you know any other such magico-ritual dance ?
राजस्थान के ''कलबेलिया'' नृत्य का वर्णन करें। क्या आप कोई अन्य ऐसा मायावी-अनुष्ठान नृत्य जानते हैं?

**OR / अथवा**

How Aharya Abhinya determines the movement of the character ?
आहार्य-अभिनय पात्र के अंग-संचालन(गति) को किस प्रकार निर्धारित करता है।

16. Differential group dance and folk dance.
समूह नृत्य और लोकनृत्य का फर्क दिखलायें।

**OR / अथवा**

Why painting and sculpture has to be the part of study in theatre ?
चित्रकला और शिल्पकला रंगमंच अध्ययन का भाग क्यों होना चाहिये?

**17.** Name any two Yatis with example and illustrate with drawing.
कोई भी दो यति के नाम लिखके, उदाहरण सह, उनका चित्रैक समर्थन दें।

**OR / अथवा**

Explain the importance of understanding Dance and music in practicing theatre.
मंचीय कला में नृत्य और संगीत के बोध या समझ का महत्व स्पष्ट करें।

**18.** How is the "NOH" of Japan so spectecular ?
जपान का नोह किस प्रकार से इतना प्रदर्शनीय है ?

**OR / अथवा**

What are the new trends in the Contemperory theatre of India.
भारत की समकालीन मंचीय कला में नई प्रवृतियां कौनसी हैं ?

**19.** What is the inter-relationship of sculpture, painting and dance ?
शिल्प, चित्र और नृत्य किस तरह से एक दूसरे से संबंधित है?

**OR / अथवा**

What is method acting ? Who has initiated this ?
'मैथेड एक्टिंग' (अभिनय रीति) क्या है? इसे किसने प्रारम्भ किया?

**20.** What do you think is the age to begin classical dance training for a child ? Why ?
आप के हिसाब से, किस उम्र से, बच्चे को शास्त्रीय नृत्य की शिक्षा देनी चाहिए? क्यों?

**OR / अथवा**

List out Five no of stage Directors of our country.
हमारे देश के पांच मंचीय निर्देशकों की सूची बनाइये।

## SECTION - III

## खण्ड – III

**Note :** This section contains five (5) questions of twelve (12) marks each. Each question is to be answered in about two hundred (200) words.

**(12x5=60 marks)**

**नोट :** इस खंड में बारह (12) अंकों के पाँच (5) प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग दो सौ (200) शब्दों में अपेक्षित है।

**(12x5=60 अंक)**

### DANCE, DRAMA / THEATRE

### नृत्य, नाटक/रंगमंच

**Answer the question according to your specialization.**

**अपने विशेष प्रमुख विषय के अनुसार प्रश्नों का उत्तर दें।**

**21.** "Nritta is abstract movement in Space and Time" explain with examples.

''नृत्त, स्थान और काल में किया जाने वाला एक भावपूर्ण गति है'' उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए।

**OR / अथवा**

Theatre is a powerful media to convey the social message, do you agree ? Explain with examples.

सामाजिक संदेश देने के लिए थियेटर शक्तिशाली मीडिया है, क्या आप सहमत हैं ? सोदाहरण स्पष्ट करें।

**22.** Which Nayaka is Krishna as portrayed in the Git-Govinda of Jayadeva ? Does the character change as per situation, time, place in one Kruti dance item ?

जयदेव के गीतगोविंद के अनुसार कृष्ण कौनसे नायक दिखलायें है ? क्या परिस्थित, समय, जगह के अनुसार किसी एक कृति/नृत्य प्रस्तुति के पात्रस्वरूप बदलते हैं ?

**OR / अथवा**

Does modern Indian theatre need for its survival the Mythological stories ? Support your answer with examples.

क्या आधुनिक भारतीय मंचीय कला (थियेटर) को अपने को कायम रखने के लिए पौराणिक कथाओं की आवश्यकता है ? अपना उत्तर सोदाहरण स्पष्ट करें।

**23.** What are the functions and usefulness of dance in the contemporary time ?

तत्कालीन समय में नृत्य के कार्य और उपयोगिता क्या है ?

**OR / अथवा**

What are the important literary components of the play writing ? Explain one of them with examples.

नाट्य लेखन के महत्वपूर्ण साहित्यिक संघटक क्या हैं ? उनमें से एक को सोदाहरण स्पष्ट करें।

**24.** Describe in detail the relevance, and sensibility of holding Temple dance festivals in post-independent India in context of propagation, presentation and accountibility of classical dances.

शास्त्रीय नृत्यों के प्रसरण, प्रस्तुतिकरण और जवाबदेयता के सन्दर्भ में स्वतन्त्रता उत्तरोत्तर काल के भारत में मन्दिर नृत्य समारोह आयोजित करने की प्रासंगिकता और भावप्रवरणता का विस्तार से विवरण करें।

**OR / अथवा**

The training imparted in the teaching institutions of drama help and support the future creativity, Explain.

नाटक की शिक्षण संस्थाओं में दिए जाने वाला प्रशिक्षण भावी सृजनशीलता को सहायता और बल देता है, स्पष्ट करें।

**25.** List the PATRA "(Nartak) Lakshana and Prāṇa" according to the Abhinaya Darpana. What is their relevance today ? Analyse and answer.

अभिनय दर्पण के अनुसार ''पात्र लक्षण और प्राण'' की सूची बनाये। आज इनकी अगत्यना क्या है? विश्लेषण करके जवाब दें।

**OR / अथवा**

Describe the prosses of 'Text to performance', and explain with your own production.

'मूल पाठ से वास्तविक मंचीय कला तक की प्रक्रिया का वर्णन करें, और इसे अपनी खुद की प्रोडक्शन के साथ स्पष्ट करें।

**SECTION - IV**

**खण्ड—IV**

**Note :** This section consists of one essay type question of **forty (40)** marks to be answered in about one **thousand (1000)** words on any one of the following topics.

**(40x1=40 marks)**

**नोट :** इस खंड में चालीस (40) अंकों का निबन्धात्मक प्रश्न है जिसका उत्तर निम्नलिखित विषयों में से केवल एक पर, लगभग एक हजार (1000) शब्दों में अपेक्षित है।

**(40x1=40 अंक)**

**DANCE, DRAMA / THEATRE**

**नृत्य, नाटक / रंगमंच**

**Answer the question according to your specialization.**

**अपने विशेष प्रमुख विषय के अनुसार प्रश्नों का उत्तर दें।**

**26.** Two of the dance departments in Indian universities are introducing Post-graduate course in Modern Dance, its concepts, theories, elements of practice and the like from the new academic year 2008. How far this is relevant to you, to Indian dance and India ? Discuss.

नवशैक्षिक वर्ष 2008 से, भारतीय विश्वविद्यालयों में, नृत्य विभाग के दो स्नातकोत्तर कोर्ष आरंभ किये जा रहे हैं। जिसमें आधुनिक नृत्य इसके अवधारणायें, इसके सिद्धांत अभ्यास के साधन (तत्व) तथा इससे संबद्ध अन्य पर कार्यक्रम होगें। आपके लिए, भारत, भारतीय नृत्य कहाँ तक प्रासंगिक है, चर्चा कीजिए।

**OR / अथवा**

"The traditional theatre reflects the culture and values of a particular time and place. Where as Indian Contemporary theatre reflects the universal truth beyond cultural barriers". Write in details with examples.

''पारम्परिक रंगमंच विशिष्ट समय और स्थान की संस्कृति और मूल्यों को प्रकट करता है। जबकि भारतीय समकालीन रंगमंच सांस्कृतिक अवरोधों के परे सर्वजनीन सत्य को प्रकट करता है।'' सोदाहरण विस्तार से लिखिए।

| FOR OFFICE USE ONLY | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Marks Obtained** | | | | | | | |
| **Question Number** | **Marks Obtained** | **Question Number** | **Marks Obtained** | **Question Number** | **Marks Obtained** | **Question Number** | **Marks Obtained** |
| 1 | | 26 | | 51 | | 76 | |
| 2 | | 27 | | 52 | | 77 | |
| 3 | | 28 | | 53 | | 78 | |
| 4 | | 29 | | 54 | | 79 | |
| 5 | | 30 | | 55 | | 80 | |
| 6 | | 31 | | 56 | | 81 | |
| 7 | | 32 | | 57 | | 82 | |
| 8 | | 33 | | 58 | | 83 | |
| 9 | | 34 | | 59 | | 84 | |
| 10 | | 35 | | 60 | | 85 | |
| 11 | | 36 | | 61 | | 86 | |
| 12 | | 37 | | 62 | | 87 | |
| 13 | | 38 | | 63 | | 88 | |
| 14 | | 39 | | 64 | | 89 | |
| 15 | | 40 | | 65 | | 90 | |
| 16 | | 41 | | 66 | | 91 | |
| 17 | | 42 | | 67 | | 92 | |
| 18 | | 43 | | 68 | | 93 | |
| 19 | | 44 | | 69 | | 94 | |
| 20 | | 45 | | 70 | | 95 | |
| 21 | | 46 | | 71 | | 96 | |
| 22 | | 47 | | 72 | | 97 | |
| 23 | | 48 | | 73 | | 98 | |
| 24 | | 49 | | 74 | | 99 | |
| 25 | | 50 | | 75 | | 100 | |

Total Marks Obtained (in words) ....................................

(in figures) ....................................

Signature & Name of the Coordinator ..............................

(Evaluation) Date .............................